सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों में हम शीर्ष पर

- सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में एक बार फिर भारत का स्थान सबसे ऊपर है।
- 2020 और 2021 में कोविड के दौरान दुर्घटनाओं में आई मामूली गिरावट को छोड़कर, ऐसी मौतें तेजी से बढ़ रही हैं।
- 2023 में मौतों की संख्या 1.73 लाख थी। इनमें 35 हजार पदयात्री थे। दस हजार मौतें स्कूल और कॉलेज के बाहर हुई हैं।
- इन मौतों का कारण सड़कों की खराब डिजाइन, अपर्याप्त सुरक्षा अवरोध, खराब संकेत बोर्ड, बेकार निगरानी तंत्र तथा ट्रॉमा सहायता में देरी का होना है। उदाहरण के लिए, राजमार्गों को ही लें। वे कुल सड़क नेटवर्क का 5% हैं। लेकिन ये 60% सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों के लिए जिम्मेदार हैं।
- सरकार की गलतियों के अलावा नागरिकों की लापरवाही से भी बहुत दुर्घटनाएं होती हैं। तेज गति से तथा गलत साइड पर गाड़ी चलाना जैसे उल्लंघन सामान्य सी बात है।

पूरा मामला बहुत ही गंभीर है। इसे सुरक्षित बनाने का दायित्व सरकार और नागरिकों, दोनों का है।

'द टाइम्स ऑफ इंडिया' में प्रकाशित संपादकीय पर आधारित। 2 दिसंबर, 2024